प्रेषक,

राम करन यादव ,
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मेरठ कोर्ट संख्या 20
जनपद मेरठ ।

सेवा में,

माननीय महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद।

द्वारा ,

माननीय जनपद न्यायाधीश मेरठ
जनपद मेरठ

विषय :- आवासीय भूखण्ड क्रय करने के संबंध में अनुमति हेतु

महोदय,

अति विनम्रता पूर्वक निवेदन है कि प्रार्थी दिनांक 21.06 2006 को माननीय न्यायालय के द्वारा उ०प्र० न्यायिक सेवा में अपनी सेवा की शुरूआत किया है। प्रार्थी वर्तमान समय में करीब 15 वर्ष 7 माह की सेवा पूर्ण कर चुका है । प्रार्थी ने अपने परिवार व बच्चों के लिए किसी भी शहर में अभी तक कोई मकान व जमीन क्रय /अर्जित नहीं किया है , और न ही किसी शहर में प्रार्थी की अपनी या परिवार के किसी सदस्य की कोई जमीन या मकान है । प्रार्थी का गृह जनपद सुलतानपुर है। प्रार्थी अपने बच्चों को स्थायी रुप से विद्यालय एवं उच्च शिक्षा दिलाए जाने के उद्देश्य से लखनऊ में मकान बनाकर बसना चाहता है। लखनऊ शहर अध्ययन व उच्च शिक्षा अध्ययन का केन्द्र है। इसलिए अपने बच्चों के शिक्षा के लिए एवं न्यायिक सेवा से सेवानिवृत होने के पश्चात् शहर में बसना चाहता है। प्रार्थी श्रीमती ऊषा सिंह पत्नी श्री अनिल कुमार सिंह निवासिनी एफ 1 प्रथमेश अपार्टमेंट 58 / 3 प्राग नारायण रोड बैंक आफ इंडिया अफसर कॉलोनी लखनऊ वर्तमान निवासिनी 180/80E म्योराबाद इलाहाबाद से प्लाट संख्या 59 ,खसरा संख्या 80 व 82 का मिनजुमला क्षेत्रफल 2400 वर्ग फिट यानी 222.965 वर्गमीटर स्थित सेनानी बिहार हैवतमऊ मवैया जिला लखनऊ उत्तर प्रदेश, खरीदना चाहता है, जिसके निमित्त माननीय न्यायालय की पूर्व अनुमति आवश्यक है।

प्रार्थी की विक्रेता से कोई नातेदारी नहीं है , और न की विक्रेता या उसके परिवार से संबंधित कोई वाद / मामला प्रार्थी के न्यायालय के समक्ष कभी लंबित रहा है , और न ही विक्रेता से संबंधित कोई वाद / मामला प्रार्थी के द्वारा निर्णीत किया गया है । प्रार्थी लखनऊ शहर में बतौर न्यायिक अधिकारी अथवा प्रतिनियुक्ति पर कभी नियुक्त नहीं रहा है।

अतः माननीय महोदय से अति विनम्रता पूर्वक प्रार्थना है कि प्रार्थी को उक्त जमीन खरीदने हेतु माननीय न्यायालय से स्वीकृति / अनुमति हेतु प्रेषित प्रार्थना पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष समावेदित करने की कृपा की जाय।

आदर सहित ।

R.Yadav
23/02/2022

(राम करन यादव)
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश
कोर्ट संख्या 20
जनपद मेरठ
I.D. No. U.P. 06394

दिनांक- 23.02.2022

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश
कोर्ट सं०-20, मेरठ

संलग्नक : CL No. 25/Admin. (A) dated 13th july 1998 के अनुसार वांछित प्रोफार्मा में आवश्यक सूचना